## खबर संक्षेप



### स्कूल में मनाया गया बाल विवाह जागरूकता अभियान

**बरही।** महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बड़वारा के द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल खितौली में लैंगिक उत्पीड़न एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इसका उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करना तथा महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व संरक्षण से जुड़े कानून की जानकारी देना कार्यक्रम उपस्थित पर्यवेक्षक श्रीमती रोशनी गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य बृजेश चौधरी शिक्षक सचिन गुप्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीता रानी सिंह समस्त शिक्षक व छात्र छात्राओं की उपस्थित रही।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** हत्या के प्रयास के आरोपी को झिंझरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार 14 दिसंबर की रात्रि लगभग 01:30 बजे ग्राम पिपरौंध में स्कार्पियो कार MP 51 D 0187 में बैठे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने शुभम जायसवाल और दीपक जायसवाल के साथ चाकू से मारपीट कर हत्या की कोशिश की। इस घटना के बाद शुभम जायसवाल की रिपोर्ट पर थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 1046/2025, धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी एजाद उर्फ भूरा कुरैसी, पिता सरफराज कुरैसी 22 वर्ष, निवासी असफाक उल्लाह वार्ड, मण्डी मदार टेकरी, थाना हनुमानताल जबलपुर को जबलपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर साक्ष्य एकत्रित करने के लिए 18 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया गया।

### अवैध शराब जब्त

**कटनी।** झिंझरी चौकी पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब तस्करी कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कूटी पर प्लास्टिक की बोरी में शराब लेकर निवार से कैम्प की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने पावर हाउस के पीछे मैदान, ग्राम भरौली में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान चन्द्रभान सिंह उर्फ बबलू, पिता हरिलाल सिंह 35 वर्ष, निवासी ग्राम नन्हवारा, थाना बडवारा के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से दो बोरियों में कुल 322 पाव (57.9 लीटर) शराब और एक काले रंग की टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी (MP 21 S 4134) जब्त की गई। शराब और स्कूटी की कुल कीमत लगभग 88,200/- आंकी गई।आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी में पेश किया गया।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला छात्र का शव, जला पड़ा था लैपटाप

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलैया के जंगलों में बुधवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान पवन कुमार निवासी ग्राम बिजला जिला उमरिया के रूप में हुई है। पवन जबलपुर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को घटनास्थल से पवन का शव गमछे के फंदे पर लटका मिला। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि शव के पास ही उसका लैपटॉप पूरी तरह से जला हुआ पाया गया है। लैपटॉप के जलने और घटना की परिस्थितियों ने मामले को संदिग्ध बना दिया है, जिससे पुलिस की जांच उलझ गई है। परिजनों ने बताया कि पवन लगभग एक सप्ताह पहले पासपोर्ट बनवाने के लिए घर से निकला था। उसने परिवार को जानकारी दी थी कि वह पहले सतना जाएगा और वहां से फिर जबलपुर जाएगा। घटनास्थल पर उसके अन्य सामान की एक पोटली भी बरामद हुई है।

## नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गठित दल ने 5 व्यवसाईयों पर की कार्यवाही

# प्रतिबंध की आई याद: 1.27 क्विंटल प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन जब्त, 16700 रुपये का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी





अमानक पालीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से बने उत्पादों को सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है लेकिन शहर में लगातार अमानक पालीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बराबर हो रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्रतिबंध के बावजूद शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में खुलेआम अमानक पालीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बिक्री हो रही लेकिन जिम्मेदारों को कार्यवाही करने के लिए फुर्सत नहीं मिलती। सालों बाद अमानक पॉलीथिन का संग्रह एवं विक्रय करनें वालों पर कार्यवाही की गई है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर नगर की सफाई व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए गुरूवार को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम के गठित सयुक्त दल द्वारा अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्मोकोल से बनी सामग्री एवं डिस्पोजल आदि का विक्रय एवं संग्रहण करनें वालों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। संयुक्त दल द्वारा नगर के बाजार क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों मे छापामार कार्यवाही के दौरान 5 प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन कैरी बैग, थर्माकोल प्लास्टिक बोतल आदि का विक्रय, संग्रहण करते पाए जाने पर संबंधितों पर 16 हजार 700 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाकर अमानक सामग्री को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही के दौरान रामलीला मैदान के सामने गोल बाजार स्थित महावीर ट्रेडर्स पर एक हजार रुपये, शिव भंडार के पास हनी डिस्पोजल पर पांच हजार रुपये, रामलीला मैदान पायल मार्केटिंग पर पांच हजार रुपये, कमानिया गेट गली विद्या स्टोर पर 700 रुपये तथा बी.डी अग्रवाल वार्ड सराय स्थित गुरु नानक इंडस्ट्रीज पर पांच हजार रुपये इस प्रकार कुल 16 हजार 700 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

संयुक्त कार्यवाही के दौरान कुल 1.27 क्विंटल अमानक पॉलीथिन, 112 बंडल थर्मोकोल थाली तथा 30 बोतल डिस्पोजल जब्त करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रयोगशाला प्रभारी गणेश पाठक, गणेश पाठक, जे.पी.शुक्ला, भाग्यश्री सुहाने सहित नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वास्थ्य निरीक्षक तेजभान सिंह, रतन परिहार, अतुल गुप्ता सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन का विक्रय एवं संग्रहण करने वालों के विरूद्ध नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।



## अवैध उत्खनन में संलिप्त चैन माउंटेन और खनिज परिवहन पर हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में खनिज और पुलिस विभाग के संयुक्त अमले द्वारा जिले में लगातार कार्यवाहियों का सिलसिला जारी है।

### यहां की गई कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने बताया कि इसी कड़ी में मंगलवार शाम को विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम जुनवानी कला में बंद हो चुकी चूना पत्थर खदान में मलबा की सफाई कर खनन करने की तैयारी करते हुए एक चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया। जिसे स्थानीय स्वीकृत खदान संचालकों की सहायता से सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

इसी प्रकार अमले द्वारा जुनवानी कला और पडरेही के बीच खनिज परिवहन करने वाले वाहनो कि जांच की गई। जिसमें एक ओवरलोड ट्रक अवैध खनिज का परिवहन करते पाया गया। ट्रक को जब्त किया जाकर पुलिस थाना कैमोर में खड़ा कराया गया। जब्त वाहनो में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए। देर शाम कैमोर से झुकेही रोड तक वाहनो की जांच की गई।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

संयुक्त कार्यवाही में उपसंचालक खनिज श्री दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, थाना प्रभारी कैमोर आशीष कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक अनिल पांडे, विनोद दाहिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

*सीईओ ने आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर लिया जायजा*

## निर्देशों की अहेलना करने पर सचिव एवं उपयंत्री के वेतन कटौती के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने कोठी पहुंचकर जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत और प्रगतिरत आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिव एवं उपयंत्री से आंगनवाड़ी भवन नियत समय में पूर्ण नहीं कराए जाने के संबंध में जानकारी ली। प्रथम दृष्ट्या निर्देशों की अवहेलना करने और समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने एवं लापरवाही बरती जाने पर ग्राम पंचायत के सचिव के तीन दिन एवं उपयंत्री के दो दिन की वेतन कटौती के निर्देश दिए। उन्होंने सख्ती से निर्देशित किया कि तकनीकी मानकों का पालन करते हुए एक सप्ताह में शेष कार्य पूर्ण कराएं अन्यथा निर्माण एजेंसी के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### कलेक्टर ने जताई थी नाराजगी

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा समय सीमा की बैठक में समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी भवनों को नियत समय में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान अपूर्ण भवन निर्माण की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने भी समय-समय पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने ग्राम पंचायत पचपेड़ी में आयोजित आधार कैंप एवं मध्यान्ह भोजन वितरण और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार छात्र-छात्राओं को समय पर स्वच्छ ,गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया की किचन शेड को साफ सुथरा रखें एवं पेयजल हेतु स्वच्छ पानी दिया जाए। इस दौरान सहायक यंत्री एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## तीन दिनी एक्सपोजर विजिट में शामिल हुए प्रतिभागी




राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की वार्षिक कार्य योजना के तहत जिले के कटनी एवं बहोरीबंद विकासखंड के 25-25 प्रतिभागी 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक की तीन दिवसीय एक्सपोज़र विजिट में जबलपुर जिले की ग्राम पंचायतों में शामिल हुए। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान आधार कार्ड जबलपुर के क्षेत्र में आयोजित भ्रमण कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। जनपद पंचायत कटनी से नोडल अधिकारी के रूप में जग्गी पटेल, ब्लॉक समन्वयक एसबीएम एवं बहोरीबंद से संदीप विश्वकर्मा ब्लॉक समन्वयक (आरजीएसए) की अगुवाई में संबंधित जनपद पंचायतों के चार दर्जन से अधिक चिहिंत सरपंच, उप सरपंच,पंच और सचिवों ने भ्रमण कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की। एक्सपोजर विजिट में पंचायत के पदाधिकारी एवं लोक सेवकों ने केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति को नजदीक से देखा। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर संवाद किया।

## बिना लाइसेंस के बीज और कीटनाशक बेचने पर विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बिना लाइसेंस के खाद-बीज एवं कीटनाशकों का विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में कृषि विभाग द्वारा बिना वैध लाइसेंस के कृषि बीज और कीटनाशक रसायन का भंडारण और विक्रय करने पर विक्रेता के विरूद्ध बरही थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कृषि विभाग के जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने खितौली रोड बरही स्थित 'फैजाबाद बीज भंडार' (प्रो. सुबीचंद गुप्ता) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में बीज और कीटनाशक रसायनों का भंडारण पाया गया, लेकिन संचालक सुबीचंद गुप्ता के पास इनके विक्रय का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। कृषि विभाग ने इसे बीज (कंट्रोल) ऑर्डर 1983 के नियम 3 और कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 13(1) का स्पष्ट उल्लंघन माना। दल ने मौके पर भंडारित सामग्री की जब्ती और सुपुर्दगी की कार्रवाई भी की। इसके बाद कृषि विकास अधिकारी कार्यालय बड़वारा में पदस्थ राहुल जाटव ने बरही पुलिस थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बरही पुलिस थाना में सुबीचंद गुप्ता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 और 7 तथा कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 29(1)(c) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कलेक्टर ने उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने इस कार्य की निगरानी का दायित्व संबंधित एसडीएम और कृषि अधिकारियों को सौंपा है।

*महापौर ने वार्ड का भ्रमण का व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण*

## पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन, लंबे समय से चल रही समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी स्थानीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की गरिमा युक्त मौजूदगी में फारेस्टर वार्ड क्रमांक 33 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में 18 दिसंबर को एंबुलेंस रोड से विवेकानंद चौक तक लगभग 23 लाख 31 हजार रुपये की लागत से पाइप लाइन विस्तार कार्य का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्षेत्र में इस कार्य के पूर्ण होने से सैकड़ों परिवारों को नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति का लाभ मिल सकेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का सतत प्रयास है कि शहर का कोई भी वार्ड मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। वर्षों से चली आ रही जलापूर्ति की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। इस पाइपलाइन विस्तार कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल वितरण व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे नागरिकों को नियमित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### ताकि लोगों को मिले सुविधा

उन्होंने कहा कि जल जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है और नगर निगम इसे लेकर पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। विकास कार्यों की योजना बनाते समय आम नागरिकों की जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखा जा रहा है, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंचे। आने वाले समय में भी नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐसे ही कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के उपरांत महापौर सूरी ने वार्ड का भ्रमण कर साफ़-सफ़ाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नालियों की नियमित सफाई, कचरा निष्कासन में तेजी लाने एवं स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता और जल जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण जारी

# पशुपालकों के घर-घर जाकर दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



पशुपालकों, किसानों की आय बढ़ाने व दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण चलाया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पशुपालकों और किसानों के घर-घर जा रहे हैं। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ने अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

गांवों में पहुंचा विभागीय अमला द्वितीय चरण में जिले के सभी गांवों में दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क कर संवाद कर रहे हैं।अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया गया है।

प्रशिक्षण मल्टीमॉडल तथा तीनों पहलू पशु पोषण,पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार में गतिविधि बेस कराया गया है और इन प्रशिक्षित मास्टर नोडल द्वारा इसी प्रकार प्रशिक्षण कटनी जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री एवं गोसेवक को दिया गया है। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण में 5 से 9 गौवंश एवं भैंसवंश रखने वाले पशुपालकों के यहां प्रशिक्षित विभागीय अमले द्वारा घर जाकर भेंट की जा रही है। साथ ही उन्हें नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर जागरूक किया जा रहा है।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी ने विकासखंड बडवारा के ग्राम देवरी में पशुपालकों से संपर्क किया। यहां संवाद के दौरान प्रमुखता से यह विषय आया की देवरी ग्राम में पशुपालन से लोगों का मोह भंग हो रहा है क्योंकि दूध के खरीददार न होने के कारण बहुत कम रेट 25-30 रूपए प्रति लीटर में बेचना पड़ता है। उनको दुग्ध समिति के गठन एवं उसके बनने से होने वाले लाभ से अवगत कराया गया एवं वे समिति के गठन हेतु तैयार हैं।

## तार फेसिंग कर मार्ग किया बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरही



बरही नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 15 में शासकीय मार्ग पर किए गए अवैध क़ब्ज़े को लेकर वार्ड वासियों में रोष है। शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि वार्ड क्रमांक 15 में आंगनबाड़ी केंद्र के बगल से छिदिया टोला की ओर जाने वाले शासकीय मार्ग पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खंभा एवं तार लगाकर बाउंड्री बनाते हुए अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया गया है।

इस वजह से मार्ग अत्यंत संकरा हो गया है और आमजन को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी मार्ग से प्रतिदिन नागरिकों का आना-जाना होता है। मुक्तिधाम तक अंतिम संस्कार के लिए जाने का भी यही प्रमुख रास्ता है, वहीं पोलिंग बूथ क्रमांक 201 तक पहुंचने के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है। मार्ग सकरा होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मार्ग के समीप ही आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है, जहां छिदिया टोला से महिलाएं एवं बच्चे नियमित रूप से आते-जाते हैं। अवैध कब्ज़े के कारण आंगनबाड़ी संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व इस समस्या की जानकारी वार्ड के पार्षद ने तहसीलदार बरही एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से दी थी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

जनसुनवाई में उपस्थित वार्ड वासियों ने कलेक्टर से मांग की कि मामले की तत्काल जांच कराकर शासकीय मार्ग से अवैध कब्ज़ा हटवाया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और मार्ग पुनः सुचारु रूप से चालू हो सके।

## खबर संक्षेप

### 16.92 लाख रुपये से सी.सी. नाली निर्माण का भूमिपूजन

**कटनी।** नगर के जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए सी.सी. नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। नाली निर्माण कार्य डॉ. डी.पी. साहू के निवास के समीप एवं वार्ड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 16 लाख 92 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक रामलखन चतुर्वेदी द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सी.सी. नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होगी जिससे स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### पंच जलकुंड धाम झिरिया घाट की हुई सफाई

**कटनी।** विकासखंड बड़वारा के प्रस्फुटन ग्राम पंचायत पथवारी में जल संचय अभियान को लेकर दत्तात्रेय आश्रम में सेक्टर स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में सेक्टर स्तरीय समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्र उपस्थित रहे। जिसमें जल संचय पर चर्चा करते हुये कार्ययोजना बनाई गई। बैठक के उपरांत पंच जलकुंड धाम झिरिया घाट में निरीक्षण कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति बिजौरी प्रतिनिधि रामसखा पाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथवारी के अध्यक्ष गणेशपुरी गोस्वामी, ग्राम पंचायत पथवारी सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर अमर राज सिंह सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

### निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने रामनिवास सिंह वार्ड एवं सीएल वार्ड की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर जायजा लिया।
निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने हेतु सभी मार्गों की नियमित सफाई कराने तथा वार्डो की संभावित चोक होने वाली नालियों के स्थलों का निरीक्षण कर रोजाना जल निकासी के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों को हिदायत देते हुए कहा कि आप लोग स्वयं रोजाना वार्डो की समस्त गलियों का निरीक्षण करें, कही भी कचरे का ढेर पाए जाने पर उसकी तत्काल सफाई कराना सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थलों की नालियों के क्षतिग्रस्त पाये जाने पर उक्त नालियों के सुधार कार्य का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि वार्ड में गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो इसलिए आवारा मवेशियों पर नियंत्रण की कारगार कार्यवाही की जाए तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर समझाइश देते हुए नहीं मानने पर उन पर जुर्माना अधिरोपित करें।

### छात्रहित से जुड़ी योजनाओं एवं सुविधाओं की दी जानकारी

**कटनी।** विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने तथा उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों से परिचित कराने हेतु प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई के निर्देशन में प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अभियान के दौरान वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष ज्योत्सना आठ्या एवं गणित विषय के अतिथि विद्वान भूपेंद्र शुक्ल ने कटनी शहर स्थित पीयूष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी की गई जारी

# कड़ाके की ठंड का सितम : शीतलहर से बचने बरते एहतियात, लापरवाही पड़ सकती है भारी

मौजूदा समय में कड़ाके की ठंड से जनमानस ठिठुरता एवं कांपता नजर आ रहा है। धूप सुहानी लग रही है। ठंड का असर ऐसा है कि घर के अंदर भी ठिठुरन एवं गलाव का अहसास हो रहा है। शाम होते ही कोहरा गिरना शुरू हो जाता है जो सुबह के समय अधिक नजर आता है, धूप निकलने पर ही थोड़ी राहत मिलती है। सर्दी का असर अधिक होने से श्वांस, दमा एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों एवं छोटे बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय तथा क्या करें और क्या न करें के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के संबंध में एडवाइजरी जारी की है।

उल्लेखनीय है कि कटनी जिले में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्रायः देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे भी कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियाँ तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

### शीतलहर क्या है

शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएँ चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

स्थानीय रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकें; टोपी, मफलर एवं मोजे का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ (चाय, सूप आदि) लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा से बचें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। आवश्यक दवाइयों, ईंधन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का पूर्व भंडारण रखें। ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें। अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें।

तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना। हाथ-पैर की उंगलियों, कानों या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना। शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुँचाएँ।

# जिले में 1 लाख 32 हजार एमटी से अधिक धान उपार्जित

### कृषकों को किया गया 59.63 करोड़ रुपये का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में बुधवार 17 दिसंबर तक कुल 14 हजार 918 कृषकों से अब तक 1 लाख 32 हजार 283 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 48 हजार 734 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 67 हजार 707 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 59.63 रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

### उपार्जन में बहोरीबंद अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 2814 किसानों से 26 हजार 262 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 3054 किसानों से 21 हजार 920 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 2363 किसानों से 19 हजार 742 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 1821 कृषकों से 15 हजार 820 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। रीठी तहसील में अब तक की स्थिति में 1426 किसानों से 14 हजार 274 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 1232 किसानों से 12 हजार 506 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा कटनी ग्रामीण एवं नगर तहसील में 1112 किसानों से 11 हजार 20 मीट्रिक टन धान तथा स्लीमनाबाद तहसील में 1096 किसानों से 10 हजार 739 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

### कलेक्टर की सख्त हिदायत

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दुकानों को बना गोदाम, सड़क पर कर रहे कारोबार

# बिलैया तलैया सब्जी मंडी में सड़क में दुकानदारी से आवागमन हो गया कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों को कारोबार के लिए भले ही दुकानें आवंटित की गई लेकिन वे इसका उपयोग गोदाम की तरह कर रहे हैं रही बात व्यवसाय की तो सारे टोकरे सड़क पर ही रखे जाते हैं। दोनो ओर से दुकानदार अपनी सामग्री सड़क पर ही रखते हैं ऐसे में वाहन चालकों एवं ग्राहकों को निकलने तक में परेशानी होती है। सुबह से लेकर शाम तक यहां वाहन तो छोड़िये पैदल चलने वालों की भी फजीहत होती है।

सब्जी मंडी में दिन के समय तिपहिया वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बाद यहां वाहनो का प्रवेश हो रहा है। एक तो दुकानदारो द्वारा आगे बढ़ाकर दुकान लगाने और उपर से वाहनो की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। सब्जी मंडी में सब्जी लेने वालो के लिये आने वाले लोग असुविधाओं को लेकर जिम्मेदारो कोसते है। लोगो का कहना है कि सब्जी मंडी जैसी सार्वजनिक जगह में सुगम व्यवस्थायें भी नही की जा रही है। जिससे लोगो को परेशानी व असुविधा झेलनी पड़ रही है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन दुकानदारों ने उपरी कमाई के लिये सिकमी किरायेदार रख लिया है जो अपनी दुकान के सामने या बगल से ही सड़क पर बैठाकर किराया वसूल रहा है। स्थायी दुकानदारो ने कमाई के कई नये रास्ते ढूंढ़ लिये है जिससे आमजनों को परेशानी होती है।

### दिन भर जाम की समस्या

बिलैया तलैया सब्जी मंडी क्षेत्र में साग सब्जी के अलावा कई अन्य तरह की दुकानों का भी संचालन हो रहा है जहां खरीदी करने के लिये लोगों का आना जाना दिन भर बना रहता है लेकिन सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें सड़क पर ही लगाते है जिससे न सिर्फ आवागमन अवरोधित होता है बल्कि लोगों को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ता है। सख्त कार्यवाही नहीं होने से दुकानदारों को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है।

### बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया बोरी बंधान



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड कटनी के अन्तर्गत सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के ग्राम डिठवारा में गुरूवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडे के नेतृत्व, समन्वय एवं नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से केवलारी नदी डिठवारा में श्रमदान से 40 बोरियों का बोरी बंधान बनाया गया, एवं जल संचय अन्तर्गत जागरूकता हेतु बैठक एवं संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय खेर माई मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमे नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि गण, सी एम एल डी पी छात्र, समाजसेवियों सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माया गुप्ता, बालमुकुंद मिश्रा( ब्लॉक समन्वयक), संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी, अवधेश तोमर डाक्टर सुखेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, रविकांत राय, गनपत कोल कॉर्डिनेटर लक्ष्मण सिंह सहित ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

# आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत वाहनों के सुगम संचालन हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के सफल क्रियान्वयन एवं वाहनों के सुचारू संचालन के लिए जिला पंचायत सभागार में उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका का वैकल्पिक स्त्रोत प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उददेश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों को बाजार, स्कूल, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से जोड़ने के लिए सुरक्षित, सस्ती एवं समुदाय द्वारा निगरानी वाली परिवहन सेवा उपलब्ध कराना है। योजना के तहत संकुल स्तरीय संगठनों (सीएलएफ) के माध्यम से सवारी वाहनों का संचालन स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में विकासखंड बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा में दो वाहनों का संचालन पूर्व से स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, इस वित्तीय वर्ष में विकासखंड बड़वारा, विजयराघवगढ एवं कटनी में भी नए वाहनों का अनुमोदन भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है।

आयोजित कार्यशाला में विकासखंड प्रबंधक एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक, सीएलएफ सदस्य, स्व-सहायता समूह सदस्य एवं चयनित हितग्राहियों को योजना की नवीन मागदर्शिका अनुसार प्रशिक्षण सीमा सिंह जिला प्रबंधक आजीविका मिशन द्वारा दिया गया।

कार्यशाला में परिवहन कार्यालय से अब्दुकल रहमान खान द्वारा चिन्हित मार्गों की व्यवहार्यता का आकलन, व्यावसायिक कार्ययोजना तैयार करना, आरटीओ से रूट क्लीयरेंस, परमिट एवं अन्य वैधानिक कार्यों की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। इन कार्यों के आधार पर भारत सरकार से प्राप्त राशि का उपयोग कर वाहनों का संचालन सुनिश्चित किया जायेगा।

आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस योजना से दूर दराज के क्षेत्रो मे आवागमन सुगम होगा।

### रीठी सीईओ ने निरीक्षण कर ली जानकारी, दिये निर्देश

# पीओ मनरेगा ने कचनारी, करौंदी और पिंडरई पहुंच कर कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने हेतु रोजगार मूलक कार्यों को कराए जाने का सिलसिला जारी है। एक मां बगिया के नाम योजना के अंतर्गत जिले भर में स्वीकृत हितग्राहियों द्वारा पौधारोपित कर उनकी सुरक्षा एवं देखभाल कर उन्हें तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जनपद पंचायत रीठी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विविध प्रकार के रोजगार मूलक एवं एक बगिया मां के नाम कार्य प्रगतिरत है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी आर0एन0 सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत बडगांव में एक बगिया मा के नाम हितग्राही गोदावरी/ विनोद के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण किया वहीं दूसरी ओर मनरेगा के परियोजना अधिकारी श्री ऋषिराज चढ़ार ने विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत कचनारी, पिंडरई और करोंदी पहुंचकर निर्माणाधीन सीएनजी पोषण वाटिका, सामुदायिक भवन, सुदूर सड़क करौंदी का आकस्मिक निरीक्षण कर जायज़ा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

### कार्य लागत और स्वीकृति

मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भागीरथ पटेल ने बताया कि यह कार्य 2.69 लाख रूपये की लागत का स्वीकृत है जिसमें अब तक 20,500/- रूपये मजदूरी पर व्यय किया जा चुका है। कार्यस्थल पर हितग्राही द्वारा एक सैकड़ा से अधिक आम,आंवला,अमरूद और कटहल के फलदार पौधे रोपित किये गये है। पौधों की सुरक्षा हेतु कार्यस्थल पर तार फैंसिंग का कार्य कराया गया है।

जनपद पंचायत रीठी सीईओ श्री सिंह ने पौधों की सिचाई कर , उर्वरक का उपयोग करने, कार्यस्थल पर सूचना पटल लगाने एवं अतरवर्ती फसल उगाने हेतु हितग्राही को आवश्यक निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सर्व श्री भागीरथ पटेल, धर्मेंद्र पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत बडगांव गौरव शाह जूदेव, ग्राम रोजगार सहायक अरविन्द पटेल एवं हितग्राही श्रीमती गोदावरी आदि की मौजूदगी रही।

### कलेक्टर ने 15 दिवस में ड्राफ्ट तैयार करने के दिये निर्देश

# विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु विधानसभावार टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकसित मप्र विजन @2047 को दृष्टिगत रखते हुए कटनी विज़न डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु जिले की प्राथमिकताओं, आवश्यकताओं, संभावनाओं के अनुसार की परफॉर्मेन्स इंडिकेटर, प्रदेश में जिले की रैंकिंग में सुधार हेतु जिले में लक्ष्य, लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना निर्धारण एवं वर्तमान स्थिति में सुधार हेतु शासन से अपेक्षाओं व आवश्यक पहल, नवाचार सहित समस्त बिन्दु अनुसार एवं जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं को सम्मिलित करते हुए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने विधानसभावार टीम का गठन किया है।

जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा, विजयराघवगढ़, बड़वारा एवं बहोरीबंद के नोडल अधिकारी संबंधित एसडीएम को बनाया गया है। ये अधिकारी संबंधित विभागों से समन्वय कर विधानसभावार जानकारी तैयार कराना, समीक्षा एवं विधायक से चर्चा एवं अनुमोदन का कार्य करेंगे। इसी प्रकार ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त कर विजन डॉक्यूमेंट का अंतरिम प्रारूप तैयार करेंगे।

जबकि जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास की जिला परियोजना अधिकारी, उपसंचालक कृषि, उपसंचालक पशु सेवायें, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री, एनआरएलएम के परियोजना अधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एवं जिला खनिज अधिकारी को जनपद, विकासखंड सहित निर्धारित क्षेत्र स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर विस्तृत चर्चा उपरांत विधानसभावार जानकारी तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व अनुसार विजन डॉक्यूमेंट ड्राफ्ट तैयार कर आगामी 15 दिवस में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमनरनप्रीत कौर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए 'सक्सेस 3.0' शुरू

जिला प्रशासन ने बोर्ड परीक्षा के परिणामों की बेहतरी के लिए सुचिंतित और प्रभावी पहल शुरू किया है।कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सत्र 2025-26 में जिले की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने तथा प्रदेश की प्रवीण सूची में जिले के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और कमजोर विद्यार्थियों की शैक्षणिक मदद हेतु जिले में 23 दिसंबर से अभिनव पहल सक्सेस 3.0 शुरू की जा रही है। इस संबंध में जिले के समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

जारी निर्देश के अनुसार इस पहल में प्रतिदिन प्रति विषय 10-10 प्रश्न और उत्तर तैयार किये जायेंगे। ये प्रश्नोत्तर प्रतिदिन कटनी प्रिंसिपल के व्हाट्स ऐप ग्रुप में प्रेषित किये जायेंगे। जहां से ये सभी प्रश्नोत्तर सभी विद्यालयों में संबंधित विषय शिक्षक विद्यार्थियों के ग्रुप में उसी दिवस भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विद्यार्थी उसे विषयवार कॉपियों में लिखकर लायेगें, जो विद्यार्थी लिखकर नहीं लाते है तो उन्हें संबंधित विषय शिक्षक अपने कालखंड में लिखवाकर पूर्ण करायेगें। प्रत्येक विषय शिक्षक एक दिवस पूर्व प्राप्त प्रश्नों को सभी विद्यार्थियों से पूछेगें एवं उनके द्वारा बनायी गयी उत्तर पुस्तिका को चैक करेंगे। प्रतिदिन विद्यार्थियों की सक्सेस 3.0 की विषयबार कॉपियों की रेंडमली जाँच की जायेगी। विषय शिक्षक द्वारा सप्ताह में एक दिन सभी विद्यार्थियों का टेस्ट लिया जायेगा एवं रिकार्ड संधारित किया जावेगा। अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में कमजोर विद्यार्थियों की प्रतिदिवस सतत मॉनीटरिंग की जाएगी एवं उन्हें प्रश्न उत्तर याद कराये जायेंगे।

# गंदगी फैलाने पर 8 लोगों पर 1600 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करने के दिए निर्देश के बाद हरकत में आई निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में चलाए गए अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वाले 8 प्रतिष्ठान संचालकों पर एक हजार 600 रूपये की जुर्माने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की दिशा में निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य के साथ निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा बुधवार प्रातः वार्ड क्रमांक 30 में अभियान चलाकर 3 दुकानदारों सौरभ किराना स्टोर,राजा चाय पान भंडार तथा फौजी किराना स्टोर द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाते पाए जाने पर प्रत्येक पर 200 रुपये कुल 600 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

वही देर शाम जगन्नाथ चौक से मिशन चौक मार्ग में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाते पाए जाने पर 5 दुकानदारों के विरुद्ध 1 हजार रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान दुकानदारों को दुकान में डस्टबिन रखने तथा भविष्य में स्वच्छता मानकों का पालन कर दुकानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### 8 महीने की गोद में संजोए दो मासूमों की मां, खुले कुएं में फिसलकर डूब गई

**पन्ना।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिलगवां के कोढन्न जमुनहाई में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को शोक की चादर ओढ़ा दी। 40 वर्षीय गर्भवती महिला आरती दहायत, जिनकी कोख में 8 महीने का लाल-पल रहा था, अपने ही खुले कुएं में पानी भरते समय फिसल गईं और पानी की गहराई में डूबकर हमेशा के लिए खामोश हो गईं। पीछे रह गए दो मासूम बच्चेकृ5 साल का बेटा और 3 साल की बेटी, जो अब अनाथों की तरह तड़प रहे हैं।परिजनों की रो-रोकर बुझी आवाज में बताया गया कि 16 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे आरती पानी भरने कुएं पर गई थीं। नया खोदा गया यह कुआंकृकरीब 10 फिट गहराकृबंधा नहीं था। फिसलन भरी मिट्टी पर उनका पैर सरक गया और वो गहरे पानी में समा गईं। घंटों बाद परिजन हैरान-परेशान उनकी तलाश में लगे रहे। रिश्तेदारों से संपर्क किया, पूरा गांव चिंतित हो गया, लेकिन कहीं सुराग न मिला। 17 दिसंबर को कुएं में उफनाती साड़ी दिखी तो खलबली मच गई। तलाशी ली गई तो आरती का शव मिलाकृवो मां जो जीवन की नई उम्मीद संजोए थी। पुलिस को सूचना मिलते ही कोतवाली टीम पहुंची। पंचनामा भरकर शव को जिला चिकित्सालय पन्ना भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन फूट-फूटकर रो रहे हैं, ष्कौन संभालेगा अब इन मासूमों को?ष गांववासी सवाल उठा रहे हैंकृनए कुओं पर ढक्कन क्यों नहीं? आखिर कितनी मांएं ऐसी कुर्बानी देंगी?यह हादसा सुरक्षा की कमी का करुण चित्रण है। जिम्मेदारों को जगने का समय आ गया है। लाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

### रिपोर्ट दर्ज कराने जा रही महिला से मारपीट, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत हिनौती रोड पर नरेश गल्ला व्यापारी की दुकान के सामने उस समय विवाद हो

## बाघ गणना -गुरुवार से सामान्य जंगलों में शुरू हुई बाघ गणना

# कुछ जगह दिखे जानवर तो कहीं मिले पद मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

प्रदेश भर के सामान्य वन मंडलों में आज से बाघ गणना शुरू हो गई है। दमोह जिले के जंगली क्षेत्र में आज से यह गणना आरंभ हुई दिन निकलने के पूर्व पूरा वन अमला अपनी अपनी बीटो में पहुंचा और मांसाहारी जानवरों की खोजबीन शुरू कर दी। तेंदूखेड़ा ब्लॉक में चार रेंज सामान्य वनमण्डल की हैं इन बीटों में कई तरह के जंगली जानवर आज भी निवासरत है। तेंदूखेड़ा तेजगढ़ झलोन और तारादेही में की बाघ गणना की गई दिन निकलने के पूर्व आज वनकर्मी अपनी अपनी वीटो में पहुंचे और उन्होंने पैदल भ्रमण कर जानवरों के पदमार्गो की जांच पड़ताल की। ब्लॉक में जंगली जानवर बड़ी संख्या में है किन्तु पहले दिन झलोन तारादेही में कोई बड़ा मांसाहारी जानवर दिखाई नहीं दिया। लेकिन तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में कई तरह के जंगली जानवरो के पदमार्ग मिले कुछ बीटों में जानवर दिखे भी बाघ गणना तीन दिन होनी है जिसमें मांसाहारी जानवर भी गणना में शामिल है। बाकी तीन दिन शाकाहारी जानवरों की गणना होने है। गुरुवार से यह गणना शुरू हुई है। आज प्रत्येक वीटगार्ड अपने सहयोगी के साथ जंगल में पांच किलोमीटर पैदल चला और जंगली जानवरों की खोजबीन की उनके होने के सबूत एकत्रित किये। तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में पहले दिन अलग अलग बीटों में गुरुवार को जंगली जानवर दिखाई दिये। जिनकी पुष्टि वनकर्मियों द्वारा की गई। सर्किल बगदरी में सुबह सुबह भालू बिघना दिखाई दिये जबकि दूसरी बीटों में भालू के साथ सियार बड़ी संख्या में होने की पुष्टि हुई है। तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे भी बाघ गणना के पहले दिन तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की वीट सहजपुर पहुंचे उन्होंने वनकर्मियों से गणना के संबंध में जानकारी ली।

### इनका कहना है

उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे ने बताया तेंदूखेड़ा ब्लॉक में चार रेंज है सभी में जंगली जानवर हैं आज पहले दिन वनकर्मियों को जंगलों में मांसाहारी जानवर होने के पदमार्ग मिले है अभी दो दिन और लगातार अलग अलग क्षेत्र में जाकर उनको खोजबीन करनी है।

**प्रतीक दुबे, उप वनमंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा**

### इनका कहना है

तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांस जैन ने बताया 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक देश भर की सामान्य रेंजों में बाघ गणना शुरू हुई है प्रतिदिन वनकर्मियों को अलग अलग दिशा में पांच किलोमीटर पैदल चलकर तीन दिन मांसाहारी जानवरों की खोजबीन करनी है तीन दिन शाकाहारी जानवरों की जानकारी एकत्रित करनी है पहले दिन तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में कुछ जगह जंगली जानवर दिखे हैं।

**श्रेयांस जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी तेंदूखेड़ा**



### ट्रांजिट लाइन अनुसार चल गणना

अखिल भारतीय बाघ आकलन गुरुवार से शुरू हो चुकी है जिसमें देहरादून में स्थित वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने वन्य प्राणियों की गिनती के लिए ट्रांजिट लाइन तय कर रखी है। उसके आधार पर ही गणना होनी है जिन स्थानों पर वन्य प्राणियों के मिलने की संभावना अधिक रहती है। वहीं से यह ट्रांजिट लाइन गुजरेगी जिसकी लोकेशन देहरादून से एम-स्ट्राइप्स इकोलॉजिकल एप के माध्यम से जीपीएस के जरिए दी जा रही है गणना में वन्य प्राणियों की सही संख्या का पता चल सकें। इसके लिए इस बार पूरी गणना ट्रांजिट लाइन पर जीपीएस लोकेशन के आधार पर की जा रही है। पिछली गणना में कुछ पार्ट मैन्युअली होता था जिसे इस बार हटा दिया है। गुरुवार 18 दिसंबर से शुरू हुई इस गणना के पहले 3 दिन मांसाहारी वन्य प्राणी और अंतिम 3 दिन शाकाहारी वन्य प्राणियों की गिनती की जा रही है।

### दो चरणों में हो रही गिनती, हर 400 मीटर पर की मार्किंग

वन्य प्राणियों की गिनती दो चरणों में की जा रही है पहला चरण गुरुवार 18 से 24 दिसम्बर तक और दूसरा चरण 5 से 12 जनवरी तक होगा गणना के लिए मोबाइल एप में जीपीएस रीडिंग पहले से फीड है। उसके मुताबिक ही हर बीट में 400-400 मीटर के अंतर पर 15-15 मीटर व्यास के गोले बनाकर मार्किंग की गई है। मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना पगमार्क, पेड़ पर खरोंच, विस्टा व स्पष्ट दिखाई देने के आधार पर की जाएगी। वहीं शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना विस्टा व स्पष्ट रूप से दिखने के आधार पर होगी।

### मांसाहारी के लिए 5 किमी, शाकाहारी के लिए 2 किमी चलना होगा

मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना करने बीट गार्ड को 5 किलोमीटर और शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना के लिए 2 किलोमीटर ट्रांजिट लाइन पर चलना होगा। गणना के दौरान बीट गार्ड व सहायक के रूप में चौकीदार रोजाना सुबह 6 बजे से चलना शुरू करेंगे। मांसाहारी की गणना के लिए प्रत्येक बीट में 5 किलोमीटर प्रतिदिन चलना होगा। इस तरह तीन दिन में एक बीट में अलग-अलग स्थानों पर 15 किलोमीटर चलना होगा। वहीं शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना के लिए प्रत्येक बीट में 2 किलोमीटर ट्रांजिट लाइन पर प्रतिदिन चलना होगा। इस तरह तीन दिन में एक बीट में 6 किलोमीटर चलना होगा।

## देर रात बेसहारा लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से दिलाई राहत



**दमोह।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए मानव सेवा के उद्देश्य से टीम "उम्मीद" द्वारा देर रात लगभग 11 बजे शहर में विशेष राहत अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने निराश्रित, बेसहारा एवं खुले आसमान के नीचे सड़क के बीच डिवाइडरों तथा फुटपाथों पर सो रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई। टीम "उम्मीद" के सदस्यों ने बताया वर्तमान में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में सड़क पर जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए यह समय अत्यंत कठिन है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह छोटा सा मानवीय प्रयास किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असहाय न महसूस करे। टीम "उम्मीद" ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की है। यदि कोई नागरिक अपनी ओर से निराश्रित लोगों को कंबल या गर्म कपड़े देना चाहता है, लेकिन देर रात बाहर निकलने में असमर्थ है, तो वह सामग्री टीम "उम्मीद" के सदस्यों तक पहुंचा सकता है। टीम यह सुनिश्चित करेगी कि आपकी सहायता सही समय पर सही व्यक्ति तक पहुंचे और बेसहारा लोगों को ठंड से राहत मिल सके।

### पटेरा में की गई छात्राओं की आंखों के स्वास्थ्य की जांच

**दमोह।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया के निर्देशन में शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पटेरा विकासखंड के शासकीय कन्या माध्यमिक एवं हाई स्कूल पटेरा में 340 छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण दौरान दृष्टि दोष पाये गये 34 छात्राओं में से 32 छात्राएं चश्मा वितरण हेतु पात्र पायी गई। वहीं कार्नियल ओपेसिटी दोष से पीड़ति एक-एक छात्रा को जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ से जांच-उपचार हेतु रेफर किया गया। इस दौरान नेत्र सहायक नरेश कुमार सोनी मौजूद रहे।

## तहसीलदार सोनम पांडे ने कुसमी मानगढ़ छात्रावास का किया निरीक्षण



**जबेरा।** जबेरा शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुसमी मानगढ़ की लगातार शिकायतें आ रही थी। शिकायतों की सूचना मीडिया के माध्यम से तहसीलदार को दी गई। तहसीलदार सोनम पांडे ने मामले को गंभीरता से लेते गुरुवार की दोपहर छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से बातचीत कर व्यवस्थाएं जानी। छात्राओं ने भोजन व साफ सफाई न रखना के बारे में जानकारी दी। तहसीलदार सोनम पांडे ने बताया जो भी मुझे शिकायत प्राप्त हुई थी वह सत्य है जिस पर मैंने छात्रावास अधीक्षक मीना तिवारी, सहायक वार्डन सीमा खरे को सख्त हिदायत देते हुए आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया, यदि दोबारा इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो दोनों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## सीईओ ने दिया सफलता का मंत्र और स्वस्थ जीवन का संकल्प

**बनवार।** ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को परीक्षा की प्रभावी तैयारी और जीवन मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से भाट खमरिया हाई स्कूल में विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल ने बच्चों को प्रश्न पत्र हल करने की व्यवहारिक रणनीतियाँ समझाईं—धैर्य बनाए रखना,



प्रश्नों का सही क्रम चुनना, स्पष्ट लेखन और समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताया।वहीं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा सेहत, पढ़ाई और परिवार—तीनों के लिए घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली क्षण तब आया, जब छात्र-छात्राओं ने मंच से सामूहिक संकल्प लिया—"हम नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी रोकेंगे।" विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर एवं समस्त शिक्षकों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और जनपद सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर, शिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर, दिनेश साहू, राम रतन मिश्रा, राजदीप तिवारी, द्विवेदी जी, जाहर अहिरवार, रूद्र सिंह; जनपद सदस्य भुजबल सिंह एवं दिनेश अहिरवार सहित अन्य गणमान्यजन।

## घूघस में आधार कैंप आयोजित

**बटियागढ़।** दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के आदेश पर ग्राम घूघस स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की टपरियों में आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य होने के कारण यहां बच्चों एवं ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें संशोधन कराने में लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण विकास समिति के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए, वहीं कई लोगों ने अपने आधार में आवश्यक संशोधन भी करवाए। शिविर से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली, जिससे ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली। लोगों ने इस पहल के लिए



कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल आयोजन में पैरा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) रूपेन्द्र सिंह लोधी, सरपंच प्रतिनिधि देव सिंह लोधी, प्रधानाध्यापक नरेंद्र पाठक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। सभी ने दस्तावेज सत्यापन एवं आधार निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई। इस प्रकार प्रशासन की पहल से आदिवासी क्षेत्र के लोगों को जरूरी दस्तावेज प्राप्त करने में सहूलियत मिली और शासन की योजनाओं से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ.जी . पी. चौधरी के मार्गदर्शन एवं संयोजक डॉ. अवधेश जैन के द्वारा कॉलेज चलो अभियान 2026-27 के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में डॉ.बृजेंद्र कुसमरिया एवं डॉ अमिता श्रीवास्तव ने कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को सत्र 2026-27 की e प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी।इसी के साथ उन्होंने मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की एवं केंद्रीय शासन की विविध योजनाएं छात्रवृत्तियों गांव की बेटी, प्रतिभा किरण योजना, मुख्यमंत्री मेधावी योजना, पिछड़ा वर्ग ,अनुसूचित जाति योजना एवं अनुसूचित जनजाति योजना की विस्तृत जानकारी दी। इसी के साथ उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विषय संरचना एवं नई शिक्षा नई उड़ान के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इसी के साथ महाविद्यालय में उपलब्ध विविध सुविधाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के साथ पाठ्यक्रमों की भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर पी पटेल एवं स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## महाविद्यालय में माधवराव सप्रे की मूर्ति का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

हमेशा मैं चाहता हूं, हमारी सरकार भी चाहती है, हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का भी हमेशा कहना है कि जब तक पढ़ाने वाले नहीं होंगे तो पढ़ाई कैसे होगी। उसके लिए अभी आपने देखा होगा बहुत समय बाद लगातार दो-दो, तीन-तीन प्रोफेसर की परीक्षाएं हो गईं, उनके परिणाम आ गए। अभी एक पदस्थापना कुछ दिन पूर्व हुई थी, अभी एक सूची और जारी हो गई है, जिसकी पदस्थापना भी बहुत जल्दी महीने-पंद्रह दिन के अंदर होने वाली है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने पथरिया में माधवराव सप्रे कॉलेज में उनकी मूर्ति का लोकार्पण करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा, पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू, पूर्व मण्डी अध्यक्ष खरगराम पटैल, संतोष दुबे, महेश पटैल, रमेश कुशवाह, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ.नीरज दुबे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा,



तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी सहित अन्य अतिथि मंचासीन थे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा हिंदी साहित्य में पूरे देश में अपना नाम कमाने वाले, नाम रोशन करने वाले माधवराव सप्रे कॉलेज में उनकी मूर्ति का लोकार्पण हुआ। यह बहुत दिनों से मांग थी कि यहाँ पर माधवराव सप्रे की मूर्ति का लोकार्पण हो, मूर्ति लगे। उन्होंने कहा संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और राजेन्द्र गुरुजी ने हमेशा इस काम के लिए प्रोत्साहित भी किया और उसमें जो व्यवस्थाएं दे सकते थे, उन व्यवस्थाओं को देने का काम भी किया।

पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा महाविद्यालय की बाउंड्री वाल के लिए उपलब्ध राशि के अलावा जो आवश्यक राशि की जरूरत होगी, उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने महाविद्यालय की पुस्तकालय के लिए एक लाख रूपये देने की घोषणा की। बाउंड्री वॉल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा श्री माधवराव सप्रे की मूर्ति के अनावरण में हम सभी उपस्थित हुए हैं, हिंदी के ज्ञाता जिन्होंने एक अलग छाप अपनी छोड़ दी जिस समय हम हिंदी भाषा से भाग रहे थे, उस समय उन्हें हिंदी के क्षेत्र में अनेक रचनाएं की, सप्रे जी ने अपने स्मणीय कथन में लिखा है, मैं भले ही महाराष्ट्र से हूं लेकिन मुझे हिंदी के विषय में इतना अभिमान है जितना की एक हिंदी भाषी को होना चाहिए। उन्होंने कहा है यदि हम शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, शिक्षा में हम स्वाभिमान के प्रति जागृत नहीं है, वह शिक्षा हमारे किसी काम की नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि हम विदेशी भाषा का उपयोग करते हैं, तो हमारा दिमाग भी विदेशी होता चला जाता है, उन्होंने स्वदेशी आंदोलन में भी अपने विचार रखे थे।

पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू ने कहा राज्यमंत्री श्री पटेल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अन्य क्षेत्रों में बहुत जागरूक है और जिला की बेहतरी के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है, अभी कुछ दिन पहले राज्यमंत्री जी का चित्र प्रकाशित हुआ था जिसमें वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री से केंद्रीय विद्यालय के लिए बात कर रहे थे। वह लगातार कार्य कर रहे है और उसकी मानीटिरिंग भी कर रहे है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण, समाज सेवक, गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राये सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में यहाँ उपस्थित थे।

## स्टेट बैंक ने 40 वरिष्ठ पेंशनरों का किया सम्मान



दमोह। पेंशनर्स एसोसिएशन दमोह द्वारा मानस भवन में पेंशनरों का वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, कटनी अंचल के क्षेत्रीय प्रबंधक हरिश रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पेंशनरों के योगदान को याद करते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एसबीआई की विशेष योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें अल्फा हेल्थ इंश्योरेंस, पेंशन लोन, वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाएं एवं रिश्ते खाते शामिल हैं। साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पेंशनरों को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील की। समारोह के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 40 से अधिक वरिष्ठ पेंशनरों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर पेंशनरों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर भावसिंह लोधी मासब, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे, एसबीआई दमोह मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक आशीष रावत, एसीबी दमोह के मुख्य प्रबंधक सुमित ठाकुर, सिटी शाखा के शाखा प्रबंधक संदीप नेमा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मध्यप्रदेश पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष आर. के. मिश्रा ने सभी अतिथियों, बैंक अधिकारियों एवं आयोजकों का पेंशनरों की ओर से आभार प्रकट किया।

## झोलाछाप डॉक्टरों पर आखिर क्यों नही हो पा रही निष्पक्ष कार्यवाही

**पथरिया।** जिला कलेक्टर के निर्देश जारी होने के बाद भी कही असर देखने मिलता है तो कहीं कुछ नही आखिर ऐसा क्यों जबकि पत्र में साफ लिखा रहता है कि जिलें के समस्त अधिकारी लेकिन उसके बाद भी कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दिखावा होता है। बिना डिग्री के स्पेशलिस्ट बनकर धड़ल्ले से हालात यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर नही कर पा रहें पर अपने आप में स्पेशलिस्ट बनकर बैठे सब सुविधा दें रहें है। जिला प्रशासन द्वारा नंबर भी जारी किया गया लेकिन सोचने वाली बात है कि उसके कुछ दिनों बाद ऐसा क्या हो गया कि बिना जिला स्वास्थ्य समिति में रजिस्ट्रेशन के फिर से नगर में चहुंओर प्रमुख सड़कों पर डाक्टर में अपने आप को विशेषज्ञ समझ कर बैठे है जिन पर वर्षों से राजनैतिक संरक्षण होने से कोई ध्यान नही दिया जाता जहां प्रतिदिन अधिकारी स्वयं गुजरते है। अप डाउन मार्ग से पर एकाध पर कार्यवाही वाकि पर मेहरबानी समझ से परे है। जिला प्रशासन ने मुहिम चलाई है उनसे लगा सुधार होगा पर फिर से यथावत संचालित होना चर्चा का विषय बना रहता है।

## चौकी प्रभारी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**अजबधाम।** गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे फतेहपुर पुलिस चौकी प्रभारी ने स्टॉफ सहित गांव की सड़कों पर जायजा लिया। पुलिस बल बस स्टैंड, मुख्य बाजार तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। दोपहर के भ्रमण के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे युवकों एवं चार पहिया वाहनों को बिना सीट बेल्ट लगाए लोगों को चौकी प्रभारी रघुबीर सिंह ठाकुर ने मौके पर रोककर सख्त समझाइश दी और कहा कि सड़क 'सुरक्षा नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए आगे से बिना हेलमेट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस चौकी प्रभारी ने स्टाफ के साथ संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों ने 'पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयासों की सराहना की।

## परीक्षा परिणाम के उन्नयन में फेसबुक लाइव महत्वपूर्ण

**दमोह।** कलेक्टर ऑफिस दमोह की फेसबुक आईडी से सोमवार से शनिवार तक शाम 06 बजे से 07 बजे तक फेसबुक लाइव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार व उनके प्रश्नों का समाधान करना है। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यह भी है यदि विद्यार्थी इस समय में जुड़ नहीं पाता है तो संपूर्ण 1 घंटे का वीडियो समर्थ यूट्यूब चैनल जो कि जिले के विद्यार्थियों के लिए बनाया गया है में अपलोड कर दिया जाता है जिससे विद्यार्थी किसी भी समय इस वीडियो को देखकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकता है कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर फेसबुक लाइव कार्यक्रम रविवार को छोड़कर प्रतिदिन किया जाता है अलग-अलग विषय के विषय विशेषज्ञ अपनी बात रखते हैं तथा विद्यार्थी कमेंट्स के माध्यम से प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा का समाधान करते हैं प्रतिदिन आयोजित होने वाली इस फेसबुक लाइव कार्यक्रम में सैकड़ो विद्यार्थी जुड़ते हैं तथा धीरे-धीरे इन वीडियो को देखने वालों की संख्या हजारों तक पहुंचती है। जिले के छात्रावासों में जहां पर स्मार्ट टीवी लगे हैं वहां समर्थ यूट्यूब चैनल के माध्यम से इन वीडियो को सभी छात्राएं देखकर लाभान्वित हो रही हैं। बुधवार को खड़ेरी छात्रावास का निरीक्षण करने के दौरान छात्राएं यूट्यूब चैनल पर फेसबुक लाइव के वीडियो देख रहीं थीं। उन्होंने बताया कि यह अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम है।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस ब्लाको उपब्लाको में बनाये गये नवीन अध्यक्ष

**दमोह।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल से जिले के वरिष्ठ कांग्रेस की सहमति से जिले के ब्लाको में उपब्लाकों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है जिनमें पथरिया ब्लाक से प्रदीप पटेल, बढ़यिागढ से सतीश लोधी, नरसिंहगढ़ उपब्लाक से आसाराम चौधरी, जबेरा ब्लाक से ओ.पी. शर्मा, तेन्दूखेड़ा ब्लाक से नीलेश यादव, नोहटा उपब्लाक से संतोष रजक, तेजगढ़ उपब्लाक से मोहन आदिवासी इसी प्रकार हटा ब्लाक से योगेश, गोलू सराफ पटेरा ब्लाक से नंदे कुमार चौरसिया, हिन्डोरिया उपब्लाक से एस.एम.राही एवं गैसाबाद उपब्लाक से योगेन्द्र पटेल को बनाया गया है। उपरोक्त समस्त ब्लाको के अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की रीति नीति का प्रचार नगर के वार्डो एवं पंचायत स्तर पर करके संगठन को मजबूत करेंगे। उपरोक्त समस्त नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्षों से पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिह पूत्र जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन, मनु मिश्रा संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, परम यादव, प्रदीप पटैल, प्रदीप खटीक, राव ब्रजेन्द्र सींग सहित जिले के कांग्रेस पदाधिकारियां ने बधाई दी है।

## दषित भोजन के सेवन से 11 पहुंचे अस्पताल, सभी स्वस्थ्य

**दमोह।** पटेरा तहसील के ग्राम बेलखेडी निवासी एक परिवार के सदस्यों ने बुधवार की रात्रि के भोजन में कोदो की रोटी एवं चना की भाजी का सेवन किया। थोड़ी देर बाद सभी को उल्टियां होने लगी। उन्हे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दमोह रेफर किया गया। दमोह जिला चिकित्सालय में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ प्रहलाद पटैल व उनकी टीम ने सक्रियता से इलाज किया। श्री पटेल ने बताया कि सभी ने केंद्रो की रोटी व चने की भाजी के साथ सेवन किया । अस्पातल में सभी के स्वस्थ्य होने के पश्चात अपने घर वापिस चले गये है।

### देशी बम का इस्तेमाल कर करते थे जंगली सुअर का शिकार

# जंगली सुअर के मांस एवं हथगोलों के साथ शिकारी पिता पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

वन परिक्षेत्र हटा के ग्राम दहा बीट में जंगली सुअर का शिकार करते हुए वन विभाग की टीम ने शिकारी बाप बेटे को रंगे हाथों सुअर के मांस के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी के निर्देशन में की गई कार्रवाई में आरोपियों के पास से जंगली सुअर का मांस कुल्हाड़ी भाला एवं देशी हथगोले भी बरामद किए गए हैं। दरअसल ग्राम दहा बीट प्रभारी हरीश तंतुवाय पीएफ 343 में चड़वा बारी इलाके में बाघ गणना कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें संदिग्ध हलचल दिखी। उन्होंने आवाज दी तो वह शिकारी भागने लगे तभी बीट प्रभारी ने चौकीदार मोहन एवं नन्नाई आदिवासी के साथ दोनो शिकारियों को घेराबंदी कर रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए



शिकारियों ने अपना नाम दिलकिशन पिता बड़े भाई पारदी उम्र 42 वर्ष एवं उसका बेटा भूपेंद्र पिता दिलकिशन आदिवासी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भिलोनी टपरिया फतेहपुर चौकी थाना मगरोंन बताया। जिन्हें पकड़कर हटा वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया। जहां फारेस्ट एसडीओ एमडी माणिक पुरी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी चौड़ी बेचने का कार्य करते हैं बिहार से देशी हथगोला लाकर रात में जंगल मे हथगोला को अलग अलग स्थान पर रख देते थे। जैसे ही जंगली सुअर उनको चबाते तो वह फट जाता और वह जंगली सुअर को फंदे से पकड़कर उसे काटकर उसके मास को बेच दिया करते हैं। आरोपियों के विरुद्ध वन प्राणी अधिनियम की धारा 1927 के तहत 2 , 9, 39, 51,52 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के कब्जे से एक बल्लम, कुल्हाड़ी एवं एक इंडियन सीवेज टाइटल कछुआ ( वन्य जीव ) एवं दर्जनों देशी बम भी इनके पास से जप्त किये गए हैं। जिसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाने को दी गई है आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद इनके इलाके में भी वन विभाग की टीम सर्चिंग करेगी। लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इस कार्यवाही में बीट प्रभारी हरीश तंतुवाय, डिप्टी रेंजर जयप्रकाश दुबे, कोमल सिंह राजपूत, यशवेंद्र पांडे की सराहनीय भूमिका रही है। उन्होंने साहस का परिचय देते हुए बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है।

# साइबर साक्ष्य से खुला हत्या का राजः तीन आरोपी दोषी, एक को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला न्यायालय में न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने साइबर सेल की सीडीआर रिपोर्ट एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या के एक सनसनीखेज मामले में तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रभावी पैरवी शासकीय अभिभाषक (लोक अभियोजक) राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार, दिनांक 25 सितंबर 2023 को चौकी जेरठ, थाना पथरिया में पदस्थ एएसआई राकेश पाठक को सूचना मिली कि सुनार नदी के किनारे एक बोरी संदिग्ध अवस्था में पड़ी है। मौके पर पहुंचकर बोरी खोलने पर उसमें सड़ी-गली अवस्था में एक मानव शव मिला। पहचान न होने पर मृतक की फोटो सोशल मीडिया एवं दैनिक भास्कर में प्रकाशित कराई गई, जिस पर मृतक की पहचान उसकी मां कमला एवं भाई मुकेश प्रजापति ने बबलू प्रजापति के रूप में की। शव पर चोट के निशानों से हत्या की आशंका होने पर थाना पथरिया में अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान मृतक के मोबाइल नंबर की साइबर सेल से सीडीआर रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिससे पता चला कि घटना के दिन मृतक को अंतिम कॉल बुद्दन साहू उर्फ भूपेंद्र साहू (36), निवासी पथरिया ने किया था। पूछताछ में बुद्दन ने बताया कि उसने मृतक को अपने कार्यालय बुलाया था, जहां कलावती एवं कमल पटेल के संबंधों के बारे में जानकारी न देने पर विवाद हुआ। इसी दौरान गणेश प्रजापति (34) एवं नरेश अठ्या (30) के साथ मिलकर मारपीट की गई और गुस्से में आकर बुद्दन ने बबलू का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में शव को सुनार नदी के पुल से नदी में फेंक दिया गया। बुद्दन के कथन के आधार पर अन्य दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। बुद्दन के कार्यालय से मृतक का मोबाइल, वोटर कार्ड एवं पर्स जब्त किए गए। सीडीआर से यह भी स्पष्ट हुआ कि घटना के समय मृतक और तीनों आरोपी एक ही टावर लोकेशन पर मौजूद थे। मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी न होने के बावजूद अभियोजन ने 18 साक्षी प्रस्तुत किए, जिनमें साइबर सेल की रिपोर्ट निर्णायक रही।

बचाव पक्ष की आपत्तियों को खारिज करते हुए न्यायालय ने "अंतिम बार जीवित साथ देखे जाने" के सिद्धांत को लागू किया और कहा कि शव मिलने तथा अंतिम साथ देखे जाने के बीच समयांतराल कम होने पर यह अनुमान स्वाभाविक है कि अपराध आरोपियों द्वारा ही किया गया।

**सजाः**

*आरोपी बुद्दन साहू को धारा 302 भादंवि में आजीवन कारावास तथा धारा 201 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास। आरोपी गणेश प्रजापति एवं नरेश अठ्या को धारा 323 में 6 माह तथा धारा 201 में 4 वर्ष का सश्रम कारावास।*

*तीनों पर कुल 5,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। दोषियों को सजा भुगतने हेतु जेल भेज दिया गया।*

# परिणाम की चिंता किये बिना प्रतियोगिता में करें प्रतिभागिता - न्यायाधीश

### एमएलबी विद्यालय दमोह में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

दमोह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर, शिक्षक प्रदीप जैन सहित छात्रायें उपस्थित रहीं।उक्त आयोजित शिविर में जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह ने छात्राओं को अपना उद्येश्य एवं लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा अर्जित करने व विद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में परिणाम की चिंता किये बिना प्रतिभागिता करने हेतु प्रेरित किया व पूरी लगन और परिश्रम से अध्ययन करने की सलाह दी साथ ही पाक्सो अधिनियम, इंटरनेट का सदुपयोग संबंधी, पीड़ति प्रतिकर योजना के विषय पर जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा छात्राओं को बताया कि नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली बाल विवाह की रोकथाम के लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। आपने बताया कि विवाह हेतु लड़की के लिए 18 वर्ष एवं लड़के के लिए 21 वर्ष होती है, उक्त आयु से कम आयु के लड़के या लड़की का विवाह कराया जाना दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह की घटनाओं की सूचना चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1008 पर कर सकते है। कार्यक्रम में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूष्कृत भी किया गया। चित्रकला में प्रथम स्थान कु. रिया अहिरवार , द्वितीय स्थान कु. दीक्षा अहिरवाल, तृतीय स्थान कु. नितिशा नट रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदीप जैन द्वारा किया गया।

# समनापुर धान खरीदी केंद्र पर किसानों का शोषण

### निर्धारण तौल से अधिक की जा रही धान की तुलाई

**तेन्दूखेड़ा।** जिलेभर में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। इसके लिए सभी जगह अलग अलग केंद्र बनाए गए हैं जहां किसानों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े लेकिन कुछ केंद्रों में किसानों से अधिक धान लेने और अवैध पैसे लेने की बात सामने आई है मामला तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम समनापुर का जहां पर इस बार सेवा सहकारी समिति सर्रा केंद्र क्रमांक 2 द्वारा मंडी में धान खरीदी की जा रही यहां पर किसान से अवैध वसूली और मनमानी तौल का मामला सामने आया है यहां किसानों की धान मनमाने तरीके से तौली जा रही है। किसानों से प्रति क्विंटल तय मानक 40 किलो बजाय केंद्र पर 41 किलो 200 ग्राम से 41 किलो 300 ग्राम तक तौल की जा रही है इससे किसानों को हर क्विंटल पर लगभग 1.20 से 1.30 किलो का सीधा नुकसान हो रहा है। आरोप है कि नमी के नाम पर किसानों ने ज्यादा तौल हो रही है। जबकि अगर नमी ज्यादा है तो फिर एफएक्यू क्वालिटी की नहीं होगी। इसके बावजूद नमी ज्यादा बताकर भोले-भाले किसानों की धान मनमानी तौल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक समर्थन मूल्य पर धान 6 दिसम्बर 20 जनवरी तक की जानी है समनापुर खरीदी केंद्र में किसानों के साथ मनमानी तौल किया जा रहा है। 40 किलो धान क्रय करने के लिए बारदाने के वजन समेत 40 किलो 700 ग्राम से 41 किलो तक धान ली जा रही है। किसानों से मनमानी तौल कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### कचरा युक्त धान की जा रही खरीदी सांठगांठ का आरोप

आरोप है कि समनापुर खरीदी केंद्र में खरीदा प्रबधक व सर्वेयर द्वारा सांठगांठ कर बजरी, कचरा युक्त और काली धान युक्त धान की तुलाई की जा रही है आरोप है कि यह खेल रात के अंधेरे में होता है यहां पर धान की हडम्बा में भी सफाई नहीं कराई जाती है और सीधे सरकारी बोरियों में भरकर तुलाई करा दी जाती है। उधर नियम के तहत शाम 7 बजे एक धान खरीदी केंद्र बंद हो जाना चाहिए लेकिन रातके 8 से 9 बजे तक रात के अंधेरे में भी धान तुलाई होती रहती है। जिनकी धान को साफ नहीं कराया जाता है। ये तुलाई रात के 9 बजे तक चलती रहती है। सर्वेयर धान को बिना देखे ही पास कर रहे हैं समनापुर धान खरीदी केंद्र में कई ढेर अमानक धान के नजर आए। जिसमें बड़े पैमाने पर कचरा और बजरा मिला हुआ था। जिसकी तुलाई कराई जा रही थी

वही इस संबंध में सर्वेयर राजू पटेल से बात की गई तो उन्होंने कहा धान सही ली जा रही है चेक कर धान की तुलाई की जा रही है जब उनसे पैसे लेने की बात कही तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया

# कुम्हारी जिपं सदस्य के लिये 15 प्रत्याशी मैदान में

**दमोह।** जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के रिक्त पद की पूर्ति के लिये जबरदस्त माहौल क्षेत्र में बना हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग ने नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की जिसमें अंतिम दिन तक कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा एवं नामांकन वापिस की प्रक्रिया के बाद प्रत्याशियों को चिन्ह वितरित किये गये। भरे गये नामांकन में से पूर्व सासंद के बेटे कृष्ण प्रताप सिंह/चन्द्रभान सिंह ने अपना नामांकन वापिस ले लिया। इसके बाद शेष 15 प्रत्याशियों को चिन्हो का वितरण होगा। मैदान में अब 15 प्रत्याशी है जिनमें भरतलाल कुर्मी /गोरीशंकर, , साहिल सिंह/केशरी सिंह, उमा यादव/मदन मुरारी यादव, देवकी नंदन लोधी/भगत सिंह लोधी, बेनीसिह लोधी/लक्ष्मन सिंह लोधी, सत्यम सिंह/विशाल सिंग, लालसींग यादव/पंची यादव, बसोरी/अठ्या, वर्षा गुप्ता/रोहित गुप्ता, कृष्ण कुमार पटेल /धनीराम पटेल, मान सिंह/प्रताप सिंह, हरिशचंद्र/जगदीश प्रसाद, टीकाराम /बालमुकुन्द, विजय/नारायण, रामपाल पटेल /मकुन्दी लाल पटेल ने नामांकन दाखिल किये है। इनमें विधायक प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच, वर्तमान जनपद सदस्य भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि जिपं सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी से जिपं सदस्य रहे चंदन सिंह लोधी के आकस्मिक निधन के पश्चात रिक्त पद के लिये यह उपनिर्वाचन हो रहा है।

# श्रीमद् भागवत कथा 27 से आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**दमोह।** शहर के संस्कार भवन में असाटी समाज दमोह द्वारा 16 दिसंबर मंगलवार सायं 5 बजे समाज के संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की तीनों समितियों के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे.सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 जनवरी 2026 को श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक में कथावाचक के रूप में श्री नीरज नयन जी (वृंदावन धाम) के नाम पर प्रस्ताव पारित किया गया.साथ ही आयोजन को सफल बनाने हेतु शैलू शैलेन्द्र असाटी को संयोजक, महेश असाटी को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। युवा समिति से विवेक (अप्सरा), गोलू रूपेंद्र तथा महिला समिति से श्रीमती सुषमा व श्रीमती मधु का चयन किया गया। बैठक में कार्यक्रम को विगत वर्ष की भांति और अधिक भव्य रूप से आयोजित करने पर आम सहमति बनी.अंत में असाटी समाज दमोह के सचिव शिक्षक गणेश प्रसाद असाटी ने जानकारी दी कि आयोजन की तैयारियों को लेकर 27 दिसंबर 2025 को पुनः संस्कार भवन में बैठक आयोजित की जाएगी।

# अपहता को किया दस्तयाब

**जबेरा।** जबेरा थाना पुलिस ने 20 घंटे के अंदर अपहता को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 17/12/2025 को अपहता के पिता ने थाना जबेरा में आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी लडकी उम्र करीब 15 वर्ष घर से स्कूल जाने की कहकर निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं आयी स्कूल में पता करने पर स्कूल में नहीं आना बताया गया। जो अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा भगा ले जाना बताया गया जो प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जबेरा में अप क्र 350/25 धारा 137(2) भा.न्या.सं. का पंजीबध्द कर तत्काल उपलब्ध जानकारी को सायबर सेल दमोह से साझा किया गया तथा ग्राम में मुखबिर लगाये गये।जो सायबर सेल दमोह तथा पुलिस मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर अपहता को जबलपुर से दस्तयाब किया गया।दस्तयाबी में उप निरी विकास सिंह चौहान थाना प्रभारी जबेरा ,प्र.आर.245 देवेन्द्र रैकवार,म.आर. अपर्णा पाठक व सायबर सेल दमोह का सहयोग रहा।

# शांतिकुंज हरिद्वार की टोली यज्ञ स्थल पर पधारी



**नोहटा।** गुरुवार प्रातः शांतिकुंज हरिद्वार से आयी टोली ने यज्ञ स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्री श्याम बिहारी दुबे ने नव वर्ष पर 6 से 9 जनवरी 2026 को आयोजित 51 कुण्डीय गायत्री यज्ञ की सफलता की कामना की । यह कार्यक्रम शांतिकुँज हरिद्वार के तत्वाधान में उप तहसील प्रांगण नोहटा में आयोजित किया जा रहा है ।यज्ञ का उद्देश्य राष्ट्र का शौर्य जगाना ,राष्ट्र को सशक्त समृद्ध बनाने के लिए किया जा रहा है । टोली नायक श्री दुबे ने गायत्री परिवार के समयदानी कार्यकर्ता एवं राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी परिवार से भेंट की । यज्ञ स्थल की व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। टोली की विदाई करते हुए कार्यक्रम व्यवस्थाओं को देख रहे श्री भाव सिंह लोधी ने शांतिकुंज, हरिद्वार की टोली का नोहटा में पधारने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्ति की।

# मध्यान्ह भोजन में मिले कीड़े, जांच करने पहुंचे जनपद सीईओ समूह को हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक के शासकीय मिडिल स्कूल सुनवाई उमरिया में गुरुवार दोपहर बच्चों को दिए मध्यान्ह भोजन में कीड़े निकले शिक्षकों ने इस मामले को दबाना चाहा, लेकिन तभी किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो कलेक्टर के पास पहुंच गया। कलेक्टर के निर्देश पर तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी जांच करने पहुंचे। उनके सामने सच्चाई उजागर हुई तो उन्होंने समूह को हटाने के निर्देश दे दिए। तेंदूखेड़ा ब्लॉक में शासकीय स्कूल में वितरित होने वाले माध्यन भोजन की लगातार शिकायत मिलती है। स्कूल में भोजन के नामों पर कभी पतली दाल तो कभी कच्ची रोटी मिलने की शिकायतें लगातार आती हैं, लेकिन अबकी बार कीड़े निकल आए।



### यह मिली कमियां

बीते चार दिनों से कई शासकीय स्कूलों से माध्यन भोजन वितरण के दौरान स्वसहायता समूह संचालकों की लापरवाही की खबरें सामने आ रही हैं। मंगलवार को ग्राम जामुन के प्राथमिक शाला स्कूल और हनुमत बागों प्राइमरी स्कूल में भोजन मीनू के अनुसार नहीं दिया जाता इसकी सूचना मिली वहीं हनुमत बागों ग्राम में संचालित स्कूल में स्व सहायता समूह द्वारा भोजन न देने की बात सामने आई। वहीं ग्राम धनगौर में प्राथमिक और माध्यमिक शाला में भी वितरण होने वाले भोजन में स्वसहायता समूह द्वारा की जाने वाली लापरवाही देखने मिली। इसके अलावा ग्राम उमरिया में संचालित शासकीय शाला में बुधवार को वितरण हुऐ मध्यान्ह भोजन की दाल में कीड़े होने की पुष्टि हुई। यह पुष्टि छात्रों द्वारा की गई। उन्होंने हाथों की उंगलियों में कीड़े निकाले और संबंधित शिक्षकों को बताये। मध्यान भोजन वितरण में लापरवाही होती है इसकी पूरी जानकारी शिक्षक, शिक्षिकाओं को रहती है उसके बाद भी यह कोई कार्यवाही नहीं करते। बुधवार को ग्राम धनगौर में संचालित माध्यमिक और प्राथमिक शाला में तेंदूखेड़ा बीईओ नीतेश पांडे पहुंचे। उन्होंने दो स्व सहायता समूह का निरीक्षण किया। कमियां को पूरा करने निर्देश दिये। उसके बाद उन्होंने स्वयं बच्चों के साथ भोजन किया। वहीं उमरिया ग्राम में संचालित माध्यमिक शाला में कीड़े वाले भोजन की शिकायत पर गुरुवार को जांच करने तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी पहुंचे। उन्होंने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की तो सच सामने आ गया।

### इनका कहना है

इस संबंध में तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी ने बताया स्व सहायता समूह की शिकायत मिली थी जांच में भी लापरवाही आई है। इसलिए स्वसहायता समूह को हटाकर दूसरे स्वसहायता को सौंपा गया है।

# बकैनी से असलाना घटिया सड़क मार्ग महीनों से जर्जर



**पथरिया।** ग्राम बकैनी से असलाना करीब 3-4 किमी की सड़क मार्ग विगत वर्षों में बनाया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। साथ ही असलाना के पास एक बड़े नाला निर्माण जहां सड़क की ऊंचाई तक पुलिया निर्माण होना था। वह भी नही किया जिससे बारिश में पुलिया के ऊपर पानी आने से मार्ग बंद हो जाता है। वही पिछले वर्षों में एक घटना भी घट चुकी उसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया ना ही संबंधित ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गई वही चर्चा तो यह भी है कि ठेकेदार पर राजनैतिक संरक्षण है जिसके कारण कोई कार्यवाही नही हो पा रही है। अब सड़क मार्ग की हालत ऐसी हो गई जैसे मुरमीकरण करके डामरीकरण कर दिया गया हो। जिला कलेक्टर से मांग है कि संबंधित घटिया सड़क मार्ग की गुणवत्ता की जांच कराई जाएं साथ ही ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही हो।

# हिण्डोरिया इलेवन ने डेंजर दमोह को हरा फाईनल में जगह बनाई



### इकबाल चौहान 102 रन पर बनाने पर मैन आफ दा मैच रहे

**हिण्डोरिया।** बलारपुर मे आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच मे हिण्डोरिया इलेवन ने संभाग की सबसे दमदार क्रिकेट टीम डेंजर क्लब दमोह को 09 विकेट से हराकर जीत लिया। मैच मे टॉस हिंडोरिया इलेवन ने जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। दमोह डेंजर ने 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 178 रन का विशाल स्कोर बनाया। जिसमे आदित्य ने शानदार 96 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में हिंडोरिया इलेवन टीम ने 11 ओवर में मात्र 01 विकेट खोकर 180 रन बनाकर मैच को जीत लिया। हिंडोरिया इलेवन की तरफ से इकबाल चौहान ने शानदार 102 नाबाद रन बनाये और रवि गन्धर्व ने नाबाद 52 रनो की पारी खेलकर दमोह टीम को मैच मे चारों खानों चित्त कर दिया। हिण्डोरिया इलेवन की ओर से मुहम्मद वारिश उर्फ इजाऱ खान ने शानदार गेदबाजी की। हिण्डोरिया इलेवन की इस विजय पर नगर वासियों ने पूरी टीम को बधाई दी।